Roll No. .....

11085

11085-123892

कक्षा 11वीं वार्षिक परीक्षा, 2025-26

[120]

GEOGRAPHY

भूगोल

(Hindi & English Version)

[Total No. of Questions: 20] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 70]

निर्देश –

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प – 6 अंक, रिक्त स्थान – 6 अंक, सत्य/असत्य – 6 अंक, सही जोड़ी – 5 अंक एवं एक वाक्य में उत्तर – 5 अंक के प्रश्न हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 06 से 20 तक के प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 12 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 13 से 17 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 18 और 19 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 20 भारत के मानचित्र पर आधारित प्रश्न है, प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं।

(viii) प्रश्न क्रमांक 20 के लिए दिए गए भारत के मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

(ix) केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 20 (भारत के मानचित्र) के स्थान पर एक वाक्य में उत्तर लिखने का एक अतिरिक्त प्रश्न दिया गया है।

Instructions -

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question No. 1 to 5 are Objective questions, carrying Choose the correct options - 6 marks, Fill in the blanks - 6 marks, True/False - 6 marks, Match the correct pairs - 5 marks and Answer in one sentence - 5 marks.

(iii) Internal options have been given for question number 6 to 20.

(iv) Question No. 6 to 12 are Very Short Answer Types Questions. Each question carries 2 marks. Word limit is approximately 30 words.

(v) Question No. 13 to 17 are Short Answer Type Questions. Each question carries 3 marks. Word limit is approximately 75 words.

(vi) Question No. 18 and 19 are Long Answer Type Questions. Each question carries 4 marks. Word limit is approximately 120 words.

(vii) Question No. 20 is a question based on the Map of India and the question carries 5 marks.

(viii) Attach the Map of India with answer booklet for Question No. 20.

(ix) Only visually impaired candidates can attempt answer to one sentence questions given in choice of Question No. 20 based on Map of India.

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1×6=6)**

MPBoardHub

(i) पृथ्वी पर जीवन निम्नलिखित में से लगभग कितने वर्षों पहले आरंभ हुआ?

(अ) 1 अरब 37 करोड़ वर्ष पहले (ब) 460 करोड़ वर्ष पहले

(स) 38 लाख वर्ष पहले (द) 3 अरब 80 करोड़ वर्ष पहले

(ii) निम्नलिखित में से कौनसा विषय कालिक संश्लेषण करता है?

(अ) समाजशास्त्र (ब) मानवशास्त्र

(स) इतिहास (द) भूगोल

(iii) पृथ्वी को प्राप्त होने वाली ऊर्जा को कहते हैं –

(अ) पार्थिव विकिरण (ब) सूर्यातप

(स) संवहन (द) अभिवहन

(iv) निम्नलिखित में से कौनसा अलकनंदा व भागीरथी का संगम स्थल है?

(अ) विष्णुप्रयाग (ब) रुद्रप्रयाग

(स) कर्णप्रयाग (द) देवप्रयाग

(v) भारतीय परंपरा के अनुसार, वर्ष को कितनी ऋतुओं में बांटा गया है?

(अ) चार (ब) दो

(स) तीन (द) छः

(vi) चंदन वन किस तरह के वन का उदाहरण है?

(अ) सदाबहार वन (ब) डेल्टाई वन

(स) पर्णपाती वन (द) कांटेदार वन

Choose the correct option and write -

(i) Life on the Earth began around how many years ago?

(A) 1.37 billion (B) 4.6 billion

(C) 3.8 million (D) 3.8 billion

(ii) Which one of the following disciplines attempts temporal synthesis?

(A) Sociology (B) Anthropology

(C) History (D) Geography

(iii) The energy received by the Earth is called -

(A) Earth's radiation (B) Insolation

(C) Convection (D) Advection

(iv) Which one of the following is the place of confluence of the Alaknanda and the Bhagirathi?

(A) Vishnuprayag (B) Rudraprayag

(C) Karnaprayag (D) Devaprayag

(v) In the Indian tradition, a year is divided into how many seasons?

(A) four (B) two

(C) three (D) six

(vi) Sandalwood forest is an example of -

(A) Evergreen forest (B) Deltaic forest

(C) Deciduous forest (D) Thorny forest

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **(1×6=6)**

(i) "भूगोल" शब्द ..... भाषा से लिया गया है।

(ii) तारों के विशाल समूह को ..... कहा जाता है।

(iii) वायुमंडल का लंबवत तापन करने वाली प्रक्रियाओं को सामूहिक रूप से ..... कहा जाता है।

(iv) वायु की ऊर्जा से समुद्रीय जल में ..... उत्पन्न होती हैं।

(v) मरुस्थलीय झीलों का जल ..... होता है।

(vi) गंगा की सबसे लंबी सहायक नदी ..... है।

Fill in the blanks -

(i) The word "Geography" has been derived from ..... language.

(ii) A large group of stars is called .....

(iii) The processes of vertical heating of the atmosphere are often collectively referred to as the .....

(iv) ..... are generated in the sea water by the energy of wind.

(v) The water of desert lake is .....

(vi) The longest tributary of river Ganga is .....

प्र.3 सत्य/असत्य लिखिए – **(1×6=6)**

(i) भूकंपीय तीव्रता की मापनी को "रिच्टर स्केल" के नाम से जाना जाता है।

(ii) अपक्षय प्रक्रियाएँ मुख्य रूप से चार प्रकार की होती हैं।

(iii) जलवाष्प का जल के रूप में बदलना संघनन कहलाता है।

(iv) पृथ्वी, चंद्रमा व सूर्य की स्थितियाँ ज्वार की उत्पत्ति का कारण हैं।

(v) ध्रुवों की ओर जाते समय दो देशांतर रेखाओं के बीच की दूरी एक सी रहती है।

(vi) उष्णकटिबंधीय चक्रवातों में वायुदाब प्रवणता बहुत अधिक होती है।

Write True/False -

(i) The seismic intensity scale is known as the "Richter Scale."

(ii) There are four major types of weathering processes.

(iii) The transformation of water vapour into water is called condensation.

(iv) Tides are caused by the positions of Earth, Moon and Sun.

(v) The distance between two longitudes remain same towards poles.

(vi) Tropical cyclones are characterised by large air pressure gradients.

प्र.4 सही जोड़ियाँ बनाइए – **(1×5=5)**

कॉलम (अ)	**कॉलम (ब)**
(i) प्रशांत महासागर	(अ) नॉट
(ii) सागरीय अधस्तल विस्तार	(ब) तूफान की आँख
(iii) तरंग की गति	(स) दक्षिण गंगा
(iv) गोदावरी	(द) रिंग ऑफ फायर
(v) चक्रवात का केंद्र	(ई) हेस

Match the correct pairs -

Column (A)	**Column (B)**
(i) Pacific Ocean	(A) Knots

(ii) Seafloor spreading	(B) Eye of the storm
(iii) Wave speed	(C) Dakshin Ganga
(iv) Godavari	(D) Ring of Fire
(v) The Centre of Cyclone	(E) Hess

प्र.5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – **(1×5=5)**

(i) ताप प्रवणता क्या है?

(ii) हिंद महासागर में स्थित भारत के दो द्वीपीय पड़ोसी देशों के नाम लिखिए।

(iii) 'लू' किसे कहते हैं?

(iv) कृषि वानिकी का क्या अर्थ है?

(v) 'प्रोजेक्ट टाईगर' किस उद्देश्य से शुरू किया गया है?

Write the answer in one sentence -

(i) What is thermocline?

(ii) Write the names of any two neighbouring island countries of India situated in the Indian Ocean.

(iii) What is 'Loo'?

(iv) What is farm forestry?

(v) What is the purpose of 'Project Tiger'?

प्र.6 भूगोल के अध्ययन के दो प्रमुख उपागम लिखिए। **(2)**
Write two approaches to study Geography.

अथवा / OR

भौतिक भूगोल की कोई दो शाखाओं के नाम लिखिए।
Write the names of any two branches of Physical Geography.

प्र.7 भू–आकृति प्रक्रियाएँ किसे कहते हैं? **(2)**
What is meant by geomorphic processes?

अथवा / OR

अपक्षय किसे कहते हैं?
What is weathering?

प्र.8 वायुमंडल के सभी संस्तरों में समतापमंडल महत्त्वपूर्ण क्यों है? **(2)**
Why is stratosphere important of all the layers of the atmosphere?

अथवा / OR

वायुमंडल किसे कहते हैं?
What is meant by Atmosphere?

प्र.9 महासागरीय जल के तापमान वितरण को प्रभावित करने वाले कोई दो कारक लिखिए। **(2)**
Write any two factors which affect temperature distribution of oceanic water.

अथवा / OR

पृथ्वी पर जल कहाँ और किन–किन रूपों में पाया जाता है? लिखिए।
Where and in what forms is water found on Earth? Write.

प्र.10 विदेशज प्रजातियाँ किन्हें कहा जाता है? **(2)**
What is meant by exotic species?

अथवा / OR

मानव जाति के विकास के लिए जैवविविधता के कोई दो महत्त्व लिखिए।
Write any two importance of biodiversity for development of humankind.

प्र.11 नदी जल प्रदूषण को कम करने के कोई दो उपाय लिखिए। **(2)**
Write any two suggestions to control river water pollution.

अथवा / OR

कोसी नदी को "बिहार का शोक" क्यों कहते हैं?
Why is river Kosi known as "Sorrow of Bihar"?

प्र.12 भूमंडलीय तापन के कोई दो दुष्परिणाम लिखिए। **(2)**
Write any two adverse effects of Global Warming.

अथवा / OR

मानसून का निवर्तन किसे कहते हैं?
What is meant by retreating monsoon?

प्र.13 सूखे की स्थिति से निपटने के कोई तीन उपाय लिखिए। **(3)**
Write any three steps need to be taken during drought situation.

अथवा / OR

प्राकृतिक आपदाएँ किस प्रकार मानव जीवन को प्रभावित करती हैं? लिखिए।
How does natural hazards disturb the life of humankind? Write.

प्र.14 पृथ्वी के आंतरिक भागों की जानकारी देते हुए नामांकित चित्र बनाइए। **(3)**
Explain the internal parts of Earth along with a labelled diagram.

अथवा / OR

ज्वालामुखी से बनने वाली कोई दो अंतर्वेधी भू–आकृतियों का चित्र सहित वर्णन कीजिए।
Describe any two intrusive landforms of volcanic eruption along with their diagram.

प्र.15 भारत को एक प्रायद्वीपीय देश क्यों कहा जाता है? इसके कोई दो महत्त्व लिखिए। **(3)**
Why is India called a peninsular country? Write its two importance.

अथवा / OR

82°30' पूर्व याम्योत्तर को भारत का मानक याम्योत्तर क्यों चुना गया है?
Why 82°30' East has been selected as the standard meridian of India?

प्र.16 "पृथ्वी न तो बहुत गर्म होती है ना ही ठंडी होती है।" कथन की तर्क सहित व्याख्या कीजिए। **(3)**
"The Earth neither extremely warms up nor cools down". Give arguments to support your answer.

अथवा / OR

"वायुमंडल पार्थिव विकिरण द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से गर्म होता है, न कि सीधे सूर्यातप से।" कथन की तर्क सहित व्याख्या कीजिए।
"The atmosphere is indirectly heated by the Earth's radiation, not directly by solar radiation". Explain this statement with argument in detail.

प्र.17 "जैवविविधता का संरक्षण पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।" कथन के पक्ष में कोई तीन तर्क लिखिए। **(3)**
"The conservation of biodiversity is mandatory for ecological balance." Give three arguments to support the statement.

अथवा / OR

"जैवविविधता के ह्रास से मानव अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए।
"The loss of biodiversity may threaten human being's existence". Analyze the statement.

प्र.18 नदी अपरदन से बनने वाली कोई चार स्थलाकृतियों का वर्णन कीजिए। **(4)**
Describe any four erosional landforms formed by river.

अथवा / OR

पवन द्वारा निर्मित कोई चार अपरदनात्मक स्थलाकृतियों का वर्णन कीजिए।
Describe any four erosional landforms formed by wind.

प्र.19 पूर्वी तटीय मैदान व पश्चिमी तटीय मैदान में कोई चार अंतर लिखिए। **(4)**
Write any four differences between Eastern Coastal Plains and Western Coastal Plains.

अथवा / OR

बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में स्थित द्वीप समूहों के बीच में कोई चार अंतर लिखिए।
Write any four differences between the island groups situated at the Bay of Bengal and the Arabian sea.

प्र.20 भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए – **(1×5=5)**

(i) पचमढ़ी जीवमंडल निचय
(ii) नीलगिरि पहाड़ियाँ
(iii) सिंधु नदी
(iv) दक्कन का पठार
(v) मुंबई

Locate the following on the Map of India -

(i) Pachmarhi Biosphere Reserve
(ii) Nilgiri Hills
(iii) Indus River
(iv) Deccan Plateau
(v) Mumbai

अथवा / OR

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए –

(i) नीलगिरि जीवमंडल निचय
(ii) थार रेगिस्तान
(iii) ब्रह्मपुत्र नदी
(iv) मालवा का पठार
(v) दिल्ली

Locate the following on the Map of India -

(i) Nilgiri Biosphere Reserve
(ii) Thar Desert
(iii) Brahmaputra River
(iv) Malwa Plateau
(v) Delhi

नोट – निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं।

Note - The following questions are for visually impaired candidate in lieu of Question No. 20.

प्र.20 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **(1×5=5)**

(i) पचमढ़ी जीवमंडल निचय किस राज्य में स्थित है?

(ii) नीलगिरि पहाड़ियाँ भारत के किस भाग में स्थित हैं?

(iii) सिंधु नदी अंततः किस सागर में मिलती है?

(iv) दक्कन का पठार कर्क रेखा के किस दिशा में स्थित है?

(v) मुंबई किस राज्य की राजधानी है?

Answer the following questions -

(i) In which state is Pachmarhi Biosphere Reserve located?

(ii) In which part of India Nilgiri hills are located?

(iii) In which sea does the Indus River finally discharge?

(iv) In which direction of the Tropic of Cancer Deccan Plateau is situated?

(v) Mumbai is the capital of which state?

अथवा / OR

नोट – निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं।

Note - The following questions are for visually impaired candidate in lieu of Question No. 20.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) नीलगिरि जीवमंडल निचय किस राज्य में स्थित है?

(ii) थार रेगिस्तान भारत के किस राज्य में स्थित है?

(iii) ब्रह्मपुत्र नदी कौनसा डेल्टा बनाती है?

(iv) मालवा का पठार किस राज्य में स्थित है?

(v) दिल्ली किस नदी के तट पर स्थित है?

Answer the following questions -

(i) In which state Nilgiri Biosphere Reserve is located?

(ii) In which state of India Thar Desert is located?

(iii) Which delta is formed by Brahmaputra River?

(iv) In which state Malwa Plateau is located?

(v) On the bank of which river Delhi is located?
